तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 21 जून 2026

14 गुण्डरदेही विधानसभा में संगठनात्मक बैठक में ...

14 कसही प्राथमिक शाला में नव प्रवेशोत्सव...




Shri Gopala HOSPITAL
श्री गोपाला चाइल्ड एण्ड डेंटल केयर हॉस्पिटल
रत्नाबांधा, दुर्ग रोड, धमतरी
सर्वसुविधायुक्त बच्चों का अस्पताल

बच्चों के संपूर्ण टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध

24 घंटे बच्चों के भर्ती व आपातकालीन इलाज

बच्चों के फ्रेक्चर, सर्जरी व ऑपरेशन की सुविधा
सोनोग्राफी, एक्सरे एवं सभी प्रकार के पैथालॉजी जांच सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### बीच-बचाव करने पहुंचे युवक से मारपीट का

**बालोद।** पति पत्नी विवाद के बीच युवक ने पति की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित पति ने युवक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाया है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। वार्ड क्र0 06 हास्पीटल सेक्टर राजहरा निवासी किरण कुमार देवांगन ने पुलिस को बताया कि रात्री मैं अपने घर सामने अपनी पत्नी के साथ घरेलू बात को लेकर वाद विवाद हो रहे थे। उसी समय आर्यन सिंह आकर तुम लोग का रोज का रहता है। कहकर गाली गुप्तार कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया है, मारपीट करने से मेरे सिर बांए तरफ व पसली में चोट आया है।

### जेठानी से मारपीट

**बालोद।** अपने दिए कटोरी को मांगने गई जेठानी के साथ देवरानी ने मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने मारपीट करने वाली महिला के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। भाठापारा तिलोदा निवासी सुमित्र बाई बघेल पति दुकालू बघेल 40 वर्ष ने पुलिस को बताया कि मेरे घर के सामने मेरी देवरानी बिंदा बाई बघेल बघेल का घर है। मैं अपने देवरानी बिंदा बाई बघेल के घर जाकर अपने पुरान अपने बर्तन कटोरी जो पुर्व में मैने उसे दी थी को मांगी, तो तुम्हारा कोई बर्तन मेरे पास नहीं है बोलकर बिंदा बाई बघेल मुझे गालीयां देने लगी तब मैं उसे गाली गुप्तार करने से मना की तो वह मुझे गालीयां देते हुए जान से मार डालने की धमकी देकर मेरा हाथ बाह पकडकर मरोड दी, मैं अपना बीच बचाव करने लगी तो वह एक बांस का डंडा उठाकर डंडे से मेरे सिर में मारकर चोट पहुंचायी है, जिससे मेरा सिर फुट गया है खुन निकल रहा है।

### भतीजे ने चाचा से मारपीट

**बालोद।** परिवारिक विवाद की शिकायत समाज पर करने पर युवक ने अपने चाचा की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने अपने भतीजे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम नारागांव निवासी केशरी नंदन नेताम ने पुलिस को बताया कि शाम को मेरा भतीजा गितेश नेताम मेरे घर आया और एक दिन पूर्व लडाई झगड़ा की बात को सामाज में शिकायत किये हो कहकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर घर में रखे ▶▶| शेष पेज 12 पर






### 'करो योग, रहो निरोग' के संकल्प के साथ आज मनाया जाएगा योग दिवस

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिलेभर में भाजपा के योग शिविर, बालोद में शामिल होंगे मंत्री गजेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला भाजपा द्वारा जिले के 17 स्थानो तथा सभी मंडलो में योग दिवस के अवसर पर योग शिविर का आयोजन 21 जून को किया जा रहा है। जिसमे से बालोद के इंडोर स्टेडियम में होने वाले योग दिवस में गजेन्द्र यादव केबिनेट मंत्री छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग, विधि एवं विधायकी शामिल होंगे।




भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख ने आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। अपने सन्देश में उन्होंने योग की वैश्विक उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आग्रह किया है। चेमन देशमुख ने कहा कि भारत की ऋषि परम्परा की यह अमूल्य धरोहर आज वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा विश्व योग के महत्व को स्वीकार कर रहा है। योग शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी और तनावपूर्ण माहौल में योग मानसिक शांति और आंतरिक ऊर्जा प्रदान करने का अचूक साधन है। यह न केवल शरीर को निरोगी ▶▶| शेष पेज 12 पर

### योग से स्वस्थ तन के साथ मिलता है सुदृढ़ मन, पतंजलि योग समिति चला रही जागरूकता

**गुण्डरदेही।** योग व्यक्तिगत साधना के साथ समाज कल्याण के लिए उठाया गया निस्वार्थ कदम है, जिसमें स्वस्थ शरीर के साथ सुदृढ मन विचार, नशा उन्मूलन, पर्यावरण, राष्ट्रभक्ति एवं शांति समरसता का संदेश निहित है।

पतंजलि योग समिति गुण्डरदेही के हरिद्वार से प्रशिक्षित योग शिक्षक मधु कौशल, अंजू साहू, केशव राम साहू, रामलाल सिंघाड़े, हेमंत साहू, अरुण साहू के द्वारा विभिन्न ग्रामों में निःशुल्क पांच दिवसीय योग शिविर लगाकर योग के प्रति जागरुक करते हैं। चित्र में दिखाया गया शीर्षासन जिसे आसन का राजा कहा जाता है, सिर के बल उल्टा खड़े होने से मस्तिष्क में रक्त संचार बढ़ता है। एकाग्रता में सुधार करता है ,बालों को झड़ने से बचाता है।



वृक्षासन शशारीरिक स्थिरता और मानसिक एकाग्रता को बढ़ाता है, पैरों को मजबूत करता है, साइटिका दर्द से राहत दिलाने में सहायक होता है। चक्रासन रीड की हड्डी को लचीले बनाता है, फेफड़ों की क्षमता में सुधार करता है, पाचन तंत्र को मजबूत बनाता है। सिंहासन प्रभावी योग आसन है, चेहरे, गले और श्वसन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद करता है, आवाज की स्पष्टता में सुधार लाता है। बहुत सारे जीव जंतु, पक्षी आदि के नाम आकृति के अनुसार लाभदाई प्राणायाम आसान है जैसे कि बगुला आसन, मयूर आसन, तितली आसन, मकर आसन मरकट आसन, मार्जार आसन, गोमुखासन, शासक आसन, भुजंग आसन, धनुष आसन सभी आसन के अलग–अलग फायदे हैं, सूर्य नमस्कार से संपूर्ण शरीर का व्यायाम हो जाता है।

प्राणायाम का विशेष लाभ देखा जा सकता है, जिसमें भत्रिरका जो शक्तिशाली योगिक स्वास तकनीक है, जिसे धौंकनी स्वास भी कहा जाता है। कपालभाति शरीर से विषैली तत्व को बाहर निकलते हैं, पाचन में सुधार होता है, चेहरे पर प्राकृतिक चमक आती है। अनुलोम विलोम फेफड़ों को मजबूत करती है, रक्तचाप संतुलित रहता है, रोग प्रतिरोध क्षमता बढ़ाता है ,इससे नाड़ी शुद्ध होती है। सूर्योदय के पूर्व खुले हवा में शौचालय से निवृत्त होकर खाली पेट योग प्राणायाम करना लाभदाई है, दैनिक दिनचर्या में उत्तम ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जामगांव आर में योग शिविर का शुभारंभ



**जामगांव आर।** विश्व योग दिवस 2026 को समूह में मनाने की तैयारी की दृष्टि से सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में 20 एवं 21 दो दिवसीय योग शिविर का शुभारंभ शनिवार को हुआ। प्राचार्य पीएल बारले ने गणमान्य से आग्रह किए है स्वस्फूर्त प्रातः विश्व योग दिवस में अपनी सहभागिता अवश्य अदा करे। योग एक्सपर्ट डॉ गुलाब साहू के मार्गदर्शन में विश्व योग दिवस पर जामगांव आर, सुरपा, औरी, बोरवाय, भरर, तवेरा, कुम्हली, नवागांव, गबदी आदि के योग प्रेमी सुमधुर भजन के साथ योग करेंगे।

## अग्निवीर योजना में चयनित पांच युवाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



ग्राम कुसुमकसा के तीन एवं ग्राम धुरवाटोला के दो युवाओं का अग्निवीर योजना के अंतर्गत भारतीय सेना में चयन होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कुसुमकसा स्थित बैस निवास में पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस के मार्गदर्शन एवं जनपद सदस्य मंजू संजय बैस के आतिथ्य में संपन्न हुआ।

सम्मानित होने वाले युवाओं में ग्राम कुसुमकसा के दामेन्द्र कुमार (पिता संतोष कुमार), जितेन्द्र कुमार (पिता सागर कुमार कोमरा), निखिल कुमार (पिता तिलक साहू) तथा ग्राम धुरवाटोला के देवधर कुल्हारे (पिता ईश्वर कुल्हारे) एवं दीपेश कुमार (पिता रंगुलाल) शामिल हैं। पांचों युवाओं का भारतीय सेना में अग्निवीर के पद पर चयन हुआ है। कार्यक्रम में पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस, जनपद सदस्य मंजू संजय बैस तथा कृषि विभाग की सभापति आशा आर्य ने चयनित युवाओं की आरती उतारी, मुंह मीठा कराया तथा शाल, श्रीफल और तिलक लगाकर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस ने कहा कि कुसुमकसा क्षेत्र के लिए यह दिन गौरवपूर्ण है। एक साथ पांच युवाओं का भारतीय सेना में चयन होना पूरे क्षेत्र के लिए सम्मान और गर्व की बात है। ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अग्निवीर भर्ती में चयनित हुए करन साहू शबरी स्पोर्ट्स क्लब ने किया सम्मानित



**बालोद।** शबरी स्पोर्ट्स क्लब एवं जिला हॉकी संघ बालोद द्वारा संचालित नई सोच नई उड़ान कोचिंग एवं फिजिकल ट्रेनिंग के छात्र करन साहू पिता गिरधर साहू का भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। उनकी इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, प्रशिक्षकों एवं समाज के लोगों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सरपंच बसंत तारम ने कहा करन साहू की सफलता पूरे गांव के लिए गर्व की बात है। उनकी मेहनत और लगन युवाओं के लिए प्रेरणा है। हमें विश्वास है कि वे सेना में उत्कृष्ट ▶▶| शेष पेज 12 पर

### रिसर्च धान किसानों की पहली पसंद, अधिक उत्पादन और कम लागत के कारण बढ़ी मांग

# मानसून पूर्व की बारिश के साथ बीज खरीदने उमड़ रहे किसान, बाजार में 100 से अधिक किस्में उपलब्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में बारिश का प्रारंभ होने के साथ ही जिले के किसानो द्वारा रबि फसल की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। जिसके तहत किसान दुकानो में पहुंचकर धान की खरीदी करते दिख रहे है।

जिले में किसानो द्वारा रबि फसल की तैयारी के तहत खरीफ की फसल कटाई करने के साथ ही खेतो की साफ सफाई प्रारंभ कर दी गई थी। जिसके तहत अब मानसून लगने के बाद जिले में बारिश प्रारंभ होते देख जिले के किसान धान की फसल लेने के धान के दुकानो में पहुंच रहे है। संतोशी कृशि केन्द्र बालोद के संचालक विनोद टावरी ने बताया कि कि बाजार में 100 किस्म के धान उपलब्ध



है जिसके अनुसार दुकान में आकर किसान अपने मनपसंद धान की खरीदी कर ले जा रहे है। जिसमें मुख्य प्रकृति के 10 धान के बीच उपलब्ध है, जिनमें नाम के अनुसार वृद्वि कर उसे विभिन्न नाम प्रदान कर दिया गया है। जिसमे से हाईब्रिड के 15 वैरायटी, प्रमाणित बीज 5 तथा रिसर्च के 80 किस्मो के धान बाजार में उपलब्ध है। जिसमे सबसे ज्यादा किसानो की पसंद रिसर्च धान है। जिसमे एकफसलीय वर्शा पर निर्भर किसानो के द्वारा रिसर्च धान फसल के लिए पसंद किया जा रहा है। रिसर्च सामान्य बीजों की तुलना में अधिक पैदावार देती हैं और इनमें कीड़े या बीमारियों से लड़ने की बेहतर क्षमता होती है। रिसर्च धान की सबसे बड़ी खासियत यह है कि किसान अपनी फसल से ही अगली साल के लिए बीज सुरक्षित करके दोबारा इस्तेमाल कर सकते हैं। किसान अपने कृषि खर्च को कम करके टिकाऊ फसल प्राप्त करने के लिए अक्सर यह धान खरीदते है। उन्होने बताया कि हाईब्रिड धान को साधन संपन्न किसान लगाते है जिनके पास पानी का पूर्णतः स्त्रेत मौजूद रहता है तथा रोपा पद्वती से ▶▶| शेष पेज 12 पर

## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित
पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों से 12वीं के उपरांतों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2026-27) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीशियन | (M.P.W.) मॉस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपपेज हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नीशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी असिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसिंग | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| नवापारा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोण्डागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

**आवेदन हेतु 12वीं कक्षा में न्यूनतम प्रतिशत :** अनुसूचित जाति 40%, अनुसूचित जनजाति 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक

**दिव्यांगों सैनिक/स्व. संग्राम सेनानी वर्ग के उम्मीदवारों हेतु निर्धारित सीटें आरक्षित हैं।**

**नोट :-**
1. आवेदन निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्यूटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रुप से भरें। साथ ही 55 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे में अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिखकर आवेदन और लिफाफे को एक लिफाफे में डालकर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजें। (आवेदन पोस्ट द्वारा प्राप्त तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा।
2. जो विद्यार्थी सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण हुए हैं वे अपने परिणाम की ऑनलाइन प्रति लगाकर आवेदन कर सकते हैं।
3. स्थानीय उम्मीदवारों को सीटें मैरिट द्वारा काउन्सलिंग हेतु सूचित किया जाएगा।
4. केवल आवेदक ही काउंन्सलिंग के लिए पात्र होंगे।
5. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते हैं।
6. प्रवेश केवल निर्धारित प्रक्रिया (काउंन्सलिंग) द्वारा होगा। किसी भी प्रकार का सीधा प्रवेश अवैध/अमान्य है।

**डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :- 10/07/2026 तक    कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 31/07/2026 तक**

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, महिन्द्रा ट्रैक्टर शोरूम के पास संजीवनी हॉस्पिटल गोबरा नवापारा रायपुर (छत्तीसगढ़) पिन- 493881
महोदय,
(पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा/रही हूं?
1. आवेदक का नाम..........2. पिता/पति..........
3. जन्म तिथि अंकों में..........4 वर्ग :- अनुसू. जाति [ ] अनु. जन जाति [ ] पिछड़ा वर्ग [ ] सामान्य [ ]
5. पत्र व्यवहार का पता- ग्राम..........पोस्ट..........तहसील..........
..........जिला..........पिन कोड [ ]
मो. नं. 1..........मो. नं. 2..........वाट्सअप नं..........
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते हैं..........
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, नवापारा रायपुर (छ.ग.) 493881
NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक- 36989

## खबर संक्षेप



### उरला शिविर में बनाए गए मजदूर कार्ड

**दुर्ग।** दुर्ग शहर के आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 में शुक्रवार को सहायक श्रमायुक्त के निर्देशानुसार सफलतापूर्वक मजदूरकार्ड का शिविर आयोजित किया गया। इसी प्रकार आगामी बुधवार 24 जून को भी सामुदायिक भवन में नगर निगम का जोन कार्यालय संचालित किया जाएगा जिसमें शिविर लगाया जाएगा। इस दौरान आधारकार्ड संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। नगर निगम का मकान प्रापर्टी टैक्स,राशनकार्ड का निर्माण संशोधन, विलोपन तथा सभी निगम द्वारा जारी सभी प्रकार की पेंशन संबंधित का कार्य भी जोन कार्यालय में 24 जून को किया जाएगा। समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल के अध्यक्ष व संस्थापक जयवर्धन ने बताया कि संगठन की अपील के बाद यह कार्यालय खुल रहा है, जहां नियमित रूप से बुधवार के दिन जनता के जुड़े कार्यों के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

### आयुष्मान भारत से मिला 1.20 लाख का निःशुल्क इलाज



**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे बदलता भारत-बढ़ता भारत अभियान के अंतर्गत प्रदेश भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक एवं संभाग प्रभारी दिनेश देवांगन ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों के घर पहुंचकर उनसे संवाद किया तथा उनके जीवन में आए बदलावों की जानकारी ली इस अवसर पर जिला झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ के सह संयोजक दीपक सिन्हा, मंडल महामंत्री अनिल यादव, बुनकर प्रकोष्ठ जिला संयोजक ईश्वर देवांगन सहित अनेक कार्यकर्ता एवं महिला लाभार्थी उपस्थित थीं। भाजपा द्वारा चलाए जा विशेष संपर्क अभियान के तहत प्रदेश झुग्गी झोपड़ी सह संयोजक दिनेश देवांगन ने केलाबाड़ी क्षेत्र में निवासरत एवं मितानिन के रूप में सेवाएं दे रही श्रीमती प्रविता लिल्हारे से मुलाकात की। गंभीर हृदय रोग से पीड़ित प्रविता लिल्हारे एक समय जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रही थीं। परिवार की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे लाखों रुपये का इलाज करा सकें। ऐसे कठिन समय में आयुष्मान भारत योजना उनके लिए आशा की किरण बनकर सामने आई। रायपुर एम्स में उनका लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का उपचार पूरी तरह निःशुल्क हुआ, जिससे उन्हें नया जीवन मिला। अपने अनुभव साझा करते हुए प्रविता लिल्हारे भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि यदि आयुष्मान भारत योजना का सहारा नहीं मिलता तो उनके लिए इतना महंगा इलाज कराना संभव नहीं था। आज वे स्वस्थ हैं और सामान्य जीवन जी पा रही हैं।

**क्र./342/ राजस्व विभाग/ न.पं./ 2026 गुरुर, दिनांक 09/05/2026**
**छत्तीसगढ़ नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत 65**

**// ईशतहार //**

नगर पंचायत गुरूर द्वारा मलबा नामांतरण हेतु प्राप्त प्रकरणों का विवरण पत्रक क्र. 01, हस्तांतरण का नाम, पिता/ पति का नाम- श्री नारायण चौधरी, पिता श्री पीलाराम चौधरी, किसके नाम से हस्तांतरित किया जाना है नाम पिता/पति का नाम- श्रीमति जामवंतीन चौधरी पति श्री नारायण चौधरी, खसरा नंबर /रकबा- 729, 274, 231, पंचायत रिकार्ड क्र./ सरल क्रमांक- 32, नामांतरण का आधार-
**टीप :-** उपरोक्तानुसार नगर पंचायत गुरूर को भवन / मलबा का नामांतरण हेतु आवेदन प्राप्त हुऐ है। यदि किसी भी संबंधित व्यक्तियों को उक्त मलबा संपत्तियों के नामांतरण किये जाने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति करना हो तो समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर अपना आपात्ति लिखित में नगर पंचायत गुरूर कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) शेष दिनों कार्यालय दिवस व समय पर प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही पूर्ण कर दिया जावेगा।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत गुरूर**

# हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, भिलाई मैत्रीबाग हुआ गुलजार

## भीषण गर्मी से राहत मिलते ही जानवर अपने कैज से बाहर निकल बाड़े में कर रहे उछलकूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर का मौसम खुशनुमा होते ही मैत्रीबाग में रौनक आ गई है। सैलानियों की भीड़ के साथ वन्य प्राणियों की भी उछलकूद बढ़ गई है। भीषण गर्मी के कम होते ही ट्विनसिटी के साथ ग्राम्य अंचल के पर्यटक भी प्रकृति का रोमांच के लिए चिड़ियाघर का रुख कर रहे हैं। पहली बार या सालों बाद यहां आने वाले पर्यटक खासे खुश हैं।

उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते पांच दिन से शहर में बदली और बारिश के चलते माहौल ठंडा हो गया है। मानसूनी दस्तक के चलते दिन में तापमान में भारी गिरावट के साथ शाम को हल्की बारिश और ठंडी हवा चलती है। यह खुशनुमा मौसम मैत्रीबाग के जानवरो व परिंदो के साथ पर्यटकों के लिए भी रोमांच और सुकून लेकर आया है। पिछले पांच दिनों में ही मैत्रीबाग विजिट के लिए आने वालों की तादाद पंद्रह फीसदी बढ़ गई है। खासकर नन्हें पर्यटक और युवा प्रकृति के बीच पहुंचकर खासे प्रसन्न हैं। वहीं पाटन, सेलूद. अहिवारा और धमधा आदि से आने वालों ग्रामीणों की भी खासी संख्या है। कई पर्यटक यहां मौमस ठंडा होते ही इसका लुत्फ उठाने अपने कैज से बाहर एनक्लोजर में उछलकूद कर रहे जानवरों की चपलता और उछलकूद का मजा ले रहे हैं। यहां पांच वाइट टाईगर और एक तेंदुआ गर्मी में अपने के अंदर ही सिमटे रहते थे रहते थे लोग इनके दीदार के लिए तरस जाते थे। वहीं अब गर्मी से व्याकुल रहने वाले हिरण अपने बाड़े में चौकड़ी भर रहे हैं। लोग इन कुलांचे भरते हिरणों के समूहों के मोबाइल कैमरे से फोटो ले रहे हैं।





### बड़्र्स काम्पलेक्स में परिंदों का कलरव

मैत्रीबाग में नील गाय, सांभर के साथ बड़्र्स काम्पलेक्स में भी खासी गहमागहमी दिखाई दे रही है। यहां बच्चे व युवा जोड़े परिंदों की चहचहाहट के बीच खासे खुश हैं। बदली पानी का मौसम यहां पांच मोरों को बारिश का एहसास करा रहा है। मारे खुशी से अपने पंख फैलाकर मोर को नृत्य करते देख बच्चे और युवा जोड़े फोटो लेते खुश हो रहे हैं। बड़्र्स काम्पलेक्स में लव बड़्र्स. गिनीपिक. तोते,स्टुवर्ड स्टार्क और कबूतर और ऊलूक आदि 23 प्रजाति के सौ परिंदे व बंदर हैं।

## यूनियनों ने कहा जलभराव से दुर्घटना का अंदेशा, जल्द लगाएं ढक्कन

# आ रहा है बारिश का मौसम, टाउनशिप के खुले में खतरा बने गटर के सैकड़ों मेनहोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसून की आहट के बीच बीएसपी टाउनशिप खुले में पड़े गटर के मेनहोल खतरनाक साबित होंगे। हर साल बारिश में बिना कवर के इन छोटे टैंकों में पानी भर जाने के बाद भी अब तक इनमें कव्हर लगाने का काम नगर सेवा विभाग ने शुरु नही किया है। इसके चलते चार महीने वर्षा के मौसम में दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। यूनियनों ने जल्द बैकलेन या सड़को के किनारे गटर के टैंकों में कवर लगवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि बरसात का मौसम दस्तक दे रहा है। दो दिन में मानसून यहां पहुंचने की मौसम विभाग ने सूचना भी दे दी है। इसके चलते टाउनशिप के लोगों के लिए फिर से जगह जगह खुले गटर के मेनहोल चिंता का कारण बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों ने बताया कि सेक्टर 1 से लेकर सेक्टर 10 और रुआबांधा सेक्टर तक जगह जगह सेप्टिक व गटर के सीमेंट के छोटे छोटे बने टांकेनुमा मेनहोल खुले पड़े हैं। बीएसपी सेक्टरों में क्वार्टरों के पीछे यानी बैकलेन और क्रास स्ट्रीटों के बिल्कल किनारे ऐसे हजारों मेन होल हैं जिनमें सीमेंट के कव्हर नहीं लगे हैं। या तो टूट चुके हैं या फिर चोरों ने लोहे की छड़ निकालने के लिए चोरी कर लिये हैं। इस दौरान बीएसपी के पीएचडी विभाग ने इनमें कव्हर लगाने की जहमत नहीं उठाई है। इसके चलते बारिश के मौसम में जलभराव से राहगीरों, बच्चे, छोटे जानवरों आदि के इनमें गिरने की आशंका बनी हुई है। विभिन्न सेक्टरों में बिना कव्हर के ऐसे मेनहोल हजारों में बताए गए हैं।

### सालों बाद भी पीएचडी विभाग ने नहीं लगाए कव्हर





### जलभराव से दुर्घटना का अंदेशा

रहवासियों ने बताया कि यदि बारिश के पूर्व सभी खुले मेनहोलों में जल्द कव्हर नहीं लगाए गए तो अधिक बारिश में दुर्घटना का अंदेशा बना रहेगा। हर साल जलभराव से आसपास पानी भर जाने से लोगों को पता ही नहीं चलता कि बीच में गटर का खुला मेनहोल कहां है। इसके चलते इनके अंदर गिरने से चोटिल या डूबने का खतरा बना रहता है। सेक्टर ए मार्केट के सामने दर्जनभर गटर के होल में ढक्कन नहीं है। सेक्टर 7 में सड़क 34 के पास भी आधा दर्जन व कुर्मी भवन रोड में पांच मेनहोल में दो साल से ढक्नन नहीं है। बारिश में बिल्ली,सूअर व कुत्ते के बच्चे कई बार गिर चुके हैं। दो साल पूर्व भी एक कचरा बीनने वाली बच्ची गिरकर पांव फैक्टर करवा चुकी है। एक सूअर को पीएचडी की टीम ने निकाला था।

### सर्वे बाद भी नहीं लगे कव्हर

टाउनशिप में वर्षों पूर्व जगह जगह स्थित गटर के बेकव्हर मेनहोलों का बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के पीएचडी विभाग द्वारा सर्वे कराया गया था। यूनियनों के मुताबिक सर्वे में सभी सेक्टरों में बिना कव्हर के करीबन दो हजार मेनहोल चिन्हिंत किए गए थे। इसके बाद सभी में कव्हर लगाने की योजना बनी थी। लेकिन कुछ में ही ढक्कन लगाए गए बाकी आज तक ऐसे ही हादसों को आमंत्रित करते बेकवहर हैं । यूनियनों ने बारिश पूर्व सभी खुले मेनहोल में सीमेंट के कव्हर लगाने की मांग बीएसपी से की है।

# निगम ने वाटर एटीएम किया सील, मिलीभगत का आरोप



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

खुर्सीपार मदर्स मार्केट में जनता की सुविधा के लिए संचालित वाटर एटीएम को नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-4 अधिकारियों द्वारा सील किए जाने का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया है। आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने निगम आयुक्त को शिकायत पत्र सौंपकर इस कार्रवाई को विधि-विरुद्ध और जनविरोधी बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि पानी माफियाओं को अनुचित लाभ पहुंचाने की नीयत से यह दंडात्मक कार्रवाई की गई है।

- **जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने निगम आयुक्त से की शिकायत**

आप जिला अध्यक्ष जसप्रीत सिंह ने कहा कि मदर्स मार्केट का यह वाटर एटीएम वर्षों से बंद पड़ा था। कई महीनों तक लगातार जनहित में शिकायतें और प्रयास करने के बाद संचालन एजेंसी मेसर्स फ्रेश फाउंडेशन के माध्यम से इस वाटर एटीएम को पुनः चालू कराया गया था। भीषण गर्मी के इस मौसम में जब आम जनता को स्वच्छ और किफायती पेयजल मिलने लगा, तभी अचानक 17 जून को जोन-4 के अधिकारियों ने शिकायतकर्ता की अनुपस्थिति में आकर वाटर एटीएम को जबरन सील कर दिया। निगम आयुक्त से मांग की गई है कि खुर्सीपार मदर्स मार्केट के वाटर एटीएम को तत्काल प्रभाव से खुलवाया जाए, ताकि जिस जनकल्याणकारी उद्देश्य के लिए इसे लाखों रुपये की लागत से बनाया गया है, उसका सीधा लाभ क्षेत्र की जनता को मिल सके।

# पेंशन, आधार, आयुष्मान कार्ड जैसी जरूरी सेवा के लिए आसानी से पंजीयन का आज अंतिम मौका

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

आधार, पेंशन, आयुष्मान कार्ड, सूर्यघर योजना, स्वनिधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, कौशल विकास जैसी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाने के लिए दुर्ग निगम के मोतीलाल वोरा सभागार में पंजीयन शिविर लगाया गया है। जहां आम नागरिकों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण करने के साथ नए आवेदनों का पंजीयन और अपडेट से जुड़े काम किए जा रहे हैं। 20 जून को शिविर का अंतिम दिन है। शिविर में निगम के अलावा जिला, जनपद से लेकर अन्य प्रशासनिक विभागों के अधिकारी मौजूद हैं, जो लोगों की समस्याओं की सुनवाई के साथ उनका सार्थक निराकरण करा रहे हैं। उपायुक्त और नोडिल अधिकारी मोहेन्द्र साहू की निगरानी में यह शिविर 18 से 20 जून तक आयोजित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में चलाए जा रहे 12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत शिविर लगाया जा रहा है। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक नागरिक को योजनाओं की जानकारी, पात्रता संबंधी मार्गदर्शन एवं आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि 20 जून तक आयोजित इस विशेष शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़कर लाभान्वित हों।

- **2 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के अभियान के अंतर्गत दुर्ग निगम में 20 जून तक लगाया गया है शिविर**



### 300 से ज्यादा लोगों की समस्याओं का हुआ निराकरण

शिविर में 300 से ज्यादा लोग पहुंचे, जिनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आधार कार्ड अपडेशन, पेंशन, राशनकार्ड से जुड़े आवेदन ज्यादा रहे। शिविर का उद्देश्य केंद्र एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र नागरिकों तक पहुंचाना तथा उन्हें योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक मार्गदर्शन उपलब्ध कराना है। दूसरे दिन भी सुबह 11 बजे से नागरिकों की आवाजाही लगातार बनी रही। लोगों ने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत कर पंजीयन कराया तथा योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। शिविर में आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान वय वंदना योजना, पीएम सूर्यघर योजना, पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा विभिन्न पेंशन योजनाओं के लिए पंजीयन एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों, पात्रता शर्तों तथा आवेदन प्रक्रिया की भी विस्तृत जानकारी दी गई।

## पेज 11 के शेष

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस...

रखता है, बल्कि एकाग्रता और सकारात्मकता को भी बढ़ाता है। योग मत, पंथ या मजहब से परे संपूर्ण मानवता के कल्याण के लिए है। यह श्वसुधैव कुटुंबकमश की भावना को चरितार्थ करता है। जब प्रत्येक नागरिक शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ होगा, तभी एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर राष्ट्र का निर्माण संभव है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं और बच्चों से अपील की है कि वे योग कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। इस योग दिवस पर हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि श्करो योग, रहो निरोगश के मंत्र को अपने जीवन में उतारेंगे और एक स्वस्थ छत्तीसगढ़ के निर्माण में अपना योगदान देंगे।

### योग से स्वस्थ तन के साथ...

सेहत के लिए कुछ प्रयोग जैसे कि बिना मुंह धोए सुबह पानी पीना, मुंह में पानी भरकर आंखों में छिट मारना, भोजन के आधा घंटा पूर्व और पश्चात पानी पीना भी स्वस्थ गत दृष्टि से लाभकारी माना गया है।

### अग्निवीर योजना में चयनित...

उन्होंने कहा कि अधिकांश युवा किसान परिवारों से आते हैं और उनकी मेहनत, अनुशासन तथा लगन ने उन्हें यह सफलता दिलाई है। ये युवा आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा बनेंगे। जनपद सदस्य मंजू संजय बैस ने कहा कि गत वर्ष आयोजित सैनिक सम्मान समारोह से प्रेरित होकर क्षेत्र के कई युवा सेना भर्ती की ओर अग्रसर हुए हैं। उन्होंने चयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने कुसुमकसा क्षेत्र का नाम रोशन किया है और अन्य युवाओं के लिए मिसाल कायम की है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, राम जानकी सेवा समिति के अध्यक्ष संतोष जैन, गौरीशंकर साहू, शमशेर खान, मनीष जेठवानी, डॉ. नसीम खान, उपसरपंच नितिन जैन, दीपक यादव, डॉ. सेतराम साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अग्निवीर भर्ती में चयनित ...

सेवा देकर क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे। अध्यक्ष मिथलेश तारम ने कहा नई सोच नई उड़ान के माध्यम से युवाओं को सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण मिल रहा है। करन की सफलता अन्य युवाओं के लिए प्रेरणादायक है और यह दिखाती है कि मेहनत का फल अवश्य मिलता है। कोच तोरण सिन्हा ने कहा करन शुरू से ही अनुशासित, मेहनती और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहा है। उसकी सफलता हम सभी के लिए गर्व का विषय है। हमें उम्मीद है कि वह सेना में भी बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। अग्निवीर में चयनित होने पर करन साहू को शबरी स्पोर्ट्स क्लब एवं जिला हॉकी संघ बालोद तथा नई सोच नई उड़ान कोचिंग परिवार की ओर से भावभीनी विदाई दी गई। इस दौरान उन्हें पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके सफल सैन्य जीवन की कामना की गई। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर जिला हॉकी संघ अध्यक्ष तोमन साहू, समाजसेवी हेमंत साहू, घनश्याम सिन्हा, सौरभ शर्मा, सूर्यकांत सिन्हा, राजेश घोड़ेसवार, ग़मनेश्वर ताराम, देवांगन सर, दीनदयाल साहू, महेश्वर साहू नम्रता, पेरमेश्वरी, झामीत कमल, गीतांजलि, झरना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं युवा उपस्थित रहे। सभी ने करन साहू को बधाई देते हुए कहा कि उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरित करेगी।

### मानसून पूर्व की बारिश...


लगाने के लिए इस धान को पसंद किया जाता है। यह धान सामान्य या पारंपरिक धान की तुलना में अधिक उपज देते हैं। इनके पौधे सामान्य धान के मुकाबले कम गिरते हैं और विपरीत मौसम का बेहतर सामना कर सकते हैं, हाइब्रिड धान की खासियत यह है कि किसानों को हर नई फसल के लिए हर बार नया बीज खरीदना पड़ता है। यदि किसान हाइब्रिड धान से ही बीज निकालकर अगली फसल में बोते हैं, तो उनकी उपज और गुणवत्ता कम हो जाती है। उन्होने बताया कि बाजार में वर्तमान में 350 से लेकर 1400 तक के धान के बीज उपलब्ध है जिसमे अपनी पसंद अनुसार किसान धान के फसल ले जा रहे है। जिसमे कई ऐसे किसान है जो अपने घर खाने के लिए भी खेतो में धान लगा रहे है। ऐसे में आगे और बारिश होने के बाद जिले में धान की बिक्री रफ्तार पकड़ेगी तथा खेती किसानी का काम भी रफ्तार पकड़ेगा।

### भतीजे ने चाचा से ...

लकडी का डंडा से मारपीट कर चोट पहुंचाया है, मारपीट करने से मेरे सिर के पीछे तथा दाहिना हाथ में चोट आया है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।














विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# सरकारी कॉलेज मचांदूर में संसाधनों की कमी, सफाई कर्मी और चौकीदार तक नहीं

## सीमित विषयों से घट रही छात्र संख्या-जनभागीदारी समिति ने विधायक ललित चंद्राकर से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शासकीय महाविद्यालय मचांदूर में आधारभूत सुविधाओं के अभाव एवं सीमित विषयों के कारण विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है। कॉलेज में साफ-सफाई व रात्रिकालीन सुरक्षा के लिए कर्मचारियों का पद स्वीकृत न होने से परिसर की व्यवस्था चरमराई हुई है। वहीं विज्ञान व कला संकाय में विषयों की कमी से ग्रामीण क्षेत्र की छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए भटकने को मजबूर हैं। इस समस्या को लेकर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु एवं कॉलेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सीता राम यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने दुर्ग ग्रामीण के विधायक कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त श्री ललित चंद्राकर से मुलाकात कर महाविद्यालय की वस्तुस्थिति से अवगत कराया।

कॉलेज प्रबंधन ने बताया कि महाविद्यालय परिसर बड़ा है, प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। लेकिन शासकीय मद में राशि उपलब्ध न होने के कारण सफाई कर्मी व रात्रिकालीन चौकीदार की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इससे कक्षाओं, शौचालयों व परिसर में गंदगी जमा हो रही है। साथ ही बहुमूल्य उपकरणों,फर्नीचर व लैब सामग्री की रात्रि में सुरक्षा नहीं हो पा रही है।

विज्ञान संकाय में केवल गणित,छात्राएं पलायन को मजबूर वर्तमान में कॉलेज के विज्ञान संकाय में केवल गणित विषय संचालित है। बायोलॉजी/बायो विषय न होने से 12 वीं के बाद नीट, कृषि, फार्मेसी,नर्सिंग आदि क्षेत्र में जाने की इच्छा रखने वाली छात्राओं को मचांदूर से बाहर अन्य कॉलेजों में प्रवेश लेना पड़ रहा है। ग्रामीण व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की छात्राएं दूरस्थ कॉलेज में न तो पढ़ पा रही हैं, न ही हॉस्टल खर्च वहन कर पा रही हैं। परिणामस्वरूप कॉलेज



में छात्राओं की संख्या निरंतर कम हो रही है।

कला संकाय में अभी केवल अर्थशास्त्र,राजनीति विज्ञान और समाजशास्त्र विषय ही पढ़ाए जा रहे हैं। साहित्य,इतिहास,भूगोल जैसे लोकप्रिय विषयों के अभाव में छात्रों के पास विषय चयन के विकल्प सीमित रह गए हैं। जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु ने मांग रखी कि ₹अगर कला संकाय में हिंदी साहित्य विषय प्रारंभ किया जाए तो स्थानीय स्तर पर हिंदी साहित्य,प्रतियोगी परीक्षाओं व शिक्षक पात्रता की तैयारी करने वाले छात्रों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी होगी। इसलिए इस विषय की मांग सर्वाधिक है। समस्याएं सुनने के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के महाविद्यालयों को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सफाई व सुरक्षा कर्मियों की नियुक्ति हेतु जनभागीदारी निधि/स्थानीय निधि से अस्थायी व्यवस्था कराने एवं नए विषयों की स्वीकृति के लिए उच्च शिक्षा विभाग को प्रस्ताव भेजा जाएगा। बेटियों को बायो पढ़ने बाहर न जाना पड़े और छात्रों को हिंदी साहित्य घर पर ही मिले, इसके लिए मैं शासन स्तर पर प्रयास करूंगा- विधायक ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से मांग की कि आगामी शैक्षणिक सत्र से पहले विज्ञान संकाय में बायोलॉजी एवं कला संकाय में हिंदी साहित्य विषय स्वीकृत कर, आवश्यक शिक्षकों की पदस्थापना की जाए। साथ ही कॉलेज के रखरखाव हेतु सफाईकर्मी व चौकीदार के पद स्वीकृत कर नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ की जाए।इस अवसर पर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष प्रवीण कुमार यदु कॉलेज संघर्ष समिति अध्यक्ष सीताराम यादव, नवाब खान, फलेंद्र सिंह राजपूत अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति मचानदूर,सफीर खान,सहित पदाधिकारी, सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### रवेली में मनाया शाला प्रवेश उत्सव, दी किताबें

**पाटन।** ग्राम पंचायत रवेली के प्राथमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। शिक्षकों ने सभी विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर, दो सेट स्कूल ड्रेस और पुस्तक प्रदान करके प्रतिदिन विद्यालय आने और खूब मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभापति प्रणव शर्मा ने अपने उद्बोधन में सभी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया साथ ही कक्षा पांचवीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बैग, कॉपी पेन देकर बिदाई दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से एस एम सी अध्यक्ष टिकेंद्र वर्मा, सरपंच लता ताराचंद वर्मा, जागेश्वर साहू, लुकेश्वरी साहू, ताराचंद वर्मा, पंचगण- सूधा वर्मा, मोहनी साहू, रमेश कुमार सोनवानी, गीतू साहू,जानकी यादव, मिलन विश्वकर्मा, गोविन्द, सविता निषाद, प्रशांत शर्मा अध्यक्ष पालक समिति सेजस विद्यालय घुघुवा क, खिलेश वर्मा संकुल समन्वयक, पालकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की शिकायत और खुलासे के बाद हरकत में आया प्रशासन

# जिले में अमानक खाद की सप्लाई, 5 विक्रेताओं पर कार्रवाई, नियम तोड़ने वाले 7 को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

खरीफ फसल को लेकर तैयारी शुरू हो चुकी है। इस बीच खाद-बीज को महंगे दाम में बेचे जाने, बीज की घटिया क्वालिटी, सप्लाई कम होने की शिकायत पर प्रशासन ने जांच शुरू कर दी है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर कृषि विभाग के जिला स्तरीय उड़नदस्ता टीम ने विक्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों का उल्लंघन कर व्यवसाय करने वाले विक्रय केंद्रों पर कारण बताओ नोटिस जारी कर जब्ती की कार्रवाई की गई है। उप संचालक कृषि संदीप भोई के अनुसार जिले में अब तक 135 निजी एवं सहकारी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा चुका है। जांच के दौरान स्टॉक संधारण में गड़बड़ी, उर्वरक (नियंत्रण) 1985 के नियमों का उल्लंघन कर विक्रय किये जाने पर 7 विक्रेताओं को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 3 विक्रय केंद्र फालेन्द्र कृषि केन्द्र सेलूद में 18.5 लीटर, शीतल कृषि केन्द्र रानीतराई में 19 लीटर, देवेश साहू कृषि केन्द्र धमधा में 5 लीटर बायो स्टीम्यूलेंट, उर्वरक अनुज्ञप्ति में अतिरिक्त स्त्रोत समावेश किये बिना विक्रय करते पाये जाने एवं मेसर्स ऋषभराज फर्टिलाईजर में 139 बोरी यूरिया, 144 बोरी एनपीके 11:30:14 बोरी व मेसर्स विद्या कृषि केन्द्र बोरी में यूरिया 504 बोरी, एस.एस.पी 470 बोरी, पोटाश 44 बोरी. ऑर्गेनिक मैन्योर 311 बोरी, बायो स्टीम्यूलेंट 1.8 किलोग्राम तथा मेसर्स कृषि सेवा केन्द्र, पाटन में यूरिया 224 बोरी, एनपीके 45 बोरी अधिक मूल्य पर विक्रय की अनियमितता पाये जाने के पर उल्लेखित उर्वरकों को जब्ती कलेक्टर न्यायालय में प्रकरण भेजा गया है।

## शुक्रवार को कृषि विभाग की टीम खाद-बीज भंडारण के जांच को पहुंची



### कालाबाजारी की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश

सहकारी समितियों और अन्य जगहों पर पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज होने के बाद भी किसानों को लौटाया जा रहा है। उपलब्धता होने के बाद पिछले साल का खाद-बीज होने की बात कहकर नहीं दिया जा रहा। इस प्रकार की शिकायत को कृषि विभाग ने गंभीरता से लिया है। कृषि विभाग ने बताया कि किसानों को खाद-बीज की किल्लत पैदा करने वाले. कालाबाजारी करने वाले या बिना वैध दस्तावेजों के अमानक उर्वरक विक्रय करने वाले कृषि केन्द्रों पर उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के तहत कड़ी कार्यवाही की जायेगी। यदि भविष्य में कोई भी विक्रेता नियमों का उल्लंघन करते पाया जाता है. तो उसका लाइसेंस निलंबित या निरस्त करने के साथ-साथ वैधानीक कार्यवाही की जाएगी।

### पाटन ब्लॉक की सहकारी समितियों में पर्याप्त भंडारण

पाटन के ग्राम कुर्मीगुंडरा में किसानों के जल सत्याग्रह के बाद कृषि विभाग ने पाटन सहकारी समिति में भी जांच की। इस दौरान पर्याप्त खाद-बीज का भंडारण सुनिश्चित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त शिकायतों पर त्वरित एवं पारदर्शी कार्रवाई की गई। कृषि एवं बीज निगम के अधिकारियों ने बताया कि आईएमएफएस पोर्टल के आंकड़ों के मुताबिक पाटन में इस वर्ष यूरिया 5556.78 मीट्रिक टन, एसएसपी 2763.07 मीट्रिक टन, पोटाश 1314.60 मीट्रिक टन, डीएपी 1105.05 मीट्रिक टन एवं एनपीके 1026.90 मीट्रिक टन का भंडारण है। 2025 की तुलना में इस वर्ष यूरिया में 959 मीट्रिक टन, एसएसपी में 460 मीट्रिक टन तथा पोटाश में 506 मीट्रिक टन का अधिक भंडारण किया गया है।



## 'मोदी के बेमिसाल 12 साल' का उत्सव मनाया भाजपा महिला मोर्चा ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुम्हारी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा कुम्हारी मंडल में महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बनी सरकार के 12 साल का उत्सव मनाया। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर के मार्गदर्शन मंडल अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिन्हा एवं जूली सिंह के नेतृत्व में मंडल स्तरीय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमे मंडल की सभी नवनिर्वाचित महिला मोर्चा की परिचयात्मक बैठक का कार्यक्रम, महिलाओं के द्वारा रंगोली प्रतियोगिता, बच्चों के द्वारा पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम पश्चात विजेता महिलाओं और बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस कार्यक्रम में जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, कुम्हारी नगरपालिका अध्यक्ष मीना वर्मा, महिला मोर्चा जिला महामंत्री ममता राव एवं जिला पदाधिकारी सुनीता कुर्रे, बबीता शर्मा आई टी सेल तरूणी साहू एवं गंगा मढ़रिया ने मंच से उपस्थित लोगों को संबोधित किया।



संकलनकर्ता - ओम प्रकाश टुवानी, ब्यूरोचीफ, बालोद, मो. 8085026287, 9425559113

**खबर संक्षेप**

### गुण्डरदेही में आज मनाया जाएगा सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव

**गुण्डरदेही।** साहू सदन गुण्डरदेही मे आज 21 जून रविवार को कबीर साहेब समिति गुण्डरदेही के तत्वाधान मे सदगुरु कबीर प्राकट्य महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम मे संत देवेंद्र साहेब सतगुरु कबीर आश्रम करहीभदर एंव मंहत पंचमदास शास्त्री साहेब सदगुरु कबीर आश्रम परसदा डंगनिया पधारेगें। कार्यक्रम सुबह 9 बजे शोभायात्र, 10.30 बजे संतो का स्वागत, 11 बजे से भजन प्रवचन आशीर्वचन, दोपहर 2.30 बजे से संतो का भेंट बंदगी व भोजन प्रसाद के बाद कार्यक्रम का समापन होगा। कबीर साहेब समिति के कोषाध्यक्ष केवल राम साहू ने सभी कबीर पंथी समाज के लोगों को कार्यक्रम में शामिल होने अपील की है।

### फटा डिस्पोजल देने के विवाद में दुकानदार से मारपीट, तीन आरोपियों पर मामला दर्ज

**बालोद।** फटा हुआ डिस्पोजल देने का आरोप लगाते हुए तीन लोगो ने दुकानदार की पिटाई कर दी। जिसके बाद पीड़ित व्यक्ति ने मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम कंवर निवासी गीतेश कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि मेरा बाजार चौक कंवर में दुकान है रात्रि 08:30 बजे मेरे दुकान से मुकेश कुमार सोनवानी ने डिस्पोजल, पानी पाउच, बीडी लेकर गये थे। रात्रि करीबन 09 बजे मै अपने दुकान को बढा कर घर जा रहा था तभी मेरे दुकान के पास डोमेन्द्र निर्मलकर, समीर साहू, राजा विल्यमसन आये और फटे हुये डिस्पोजल को दिये हो कह कर सभी गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट किये है एवं समीर साहू ने अपने हाथ में पहने चुडा से मेरे सिर में मारा है। जिससे मेरे सिर में दर्द हो रहा है।

### महिला समेत परिवार के चार लोगों से मारपीट

**बालोद।** दरवाजा को ईट से मारने से मना करने पर तीन लोगों ने गाली गलौज व मारपीट कर दी। जिसके बाद पीड़ित महिला ने मारपीट करने वाले तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमें पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम टेंगना बरपारा निवासी डिकेश्वरी नाथ योगी ने पुलिस को बताया कि रात में प्रेम निषाद, मनीष निषाद एवं गोविंद भुआर्य हमारे घर के सामने आकर शराब के नशे में ईटा से दरवाजा को ठोकने लगा, जिसे मेरे द्वारा मना किया तो तुम कौन होते हो मना करने वाली कहकर गाली गुप्ताार कर जान से मारने की धमकी देकर तीनों हाथ मुक्काद एवं डंडा से मारपीट किये है, मारपीट को देखकर मेरा लड़का रूद्र नाथ योगी, पति चोकेश्वर नाथ योगी, देवरानी ममता योगी, देवर मनोज योगी छुडाने आये तो उनके साथ भी हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किये, मारपीट करने से मेरे दाहिना भुजा, लड़का रूद्र नाथ के होठ, देवरानी ममता योगी के दाहिना हाथ के उंगली, पति चोकेश्वर नाथ के गला में चोट आया है।

### लगातार बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

**अंडा।** ग्राम अंडा सहित आसपास के गांवों में लगातार हो रही बिजली



कटौती को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इसी समस्या को लेकर ग्राम पंचायत अंडा के सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने ग्रामवासियों और आसपास के ग्रामीणों के साथ मिलकर गांधी नगर अंडा स्थित बिजली कार्यालय पहुंचकर पीड़ा जाहिर की। इस दौरान सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने बिजली विभाग के एई (सहायक अभियंता) से फोन पर चर्चा कर लगातार हो रही बिजली कटौती के संबंध में जानकारी ली। एई ने बताया कि बारिश के मौसम और तकनीकी कारणों के चलते बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। इस पर सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने कहा कि लगातार हो रही बिजली कटौती से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# धान बीज वितरण को लेकर किसान और समिति कर्मचारी में विवाद

**दोनों पक्षों ने दर्ज कराई रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद।

कर्मचारी व कृषक के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद दोनो पक्षो ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने विभिन्न धाराओ के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम भटगांव निवासी डोमार सिंह रात्रे ने पुलिस को बताया कि ग्राम पेण्ड्री के सोसायटी में धान बीज लेने गया था। सोसायटी के लेखापाल कमलेश यादव को मैं बोला कि धान का बीज कितने बजे दोगे तो रूको ग्राम पेण्ड्री वाले को देने के बाद थोडी देर में देता हूं बोलने पर मैं वहां बैठा रहा उसी दौरान मेरे गांव भटगांव से तेजराम साहू आये उसे धान बीज हेतु चेक काट दिये तो मैं बोला उसको क्यों दे दिये मुझे क्यों नहीं दिये बोलने पर वहां के चपरासी निहाल सिंग साहू खुसएँ से उठकर गाली गलौच करते हुये मेरा कालर पकड कर मारपीट करने लगे, उसी बीच मेरा लडका शरद कुमार बीच बचाव करने लगे तो उसी भी मारपीट करने लगा, उसी दौरान मेरा लडका शरद के हाथ में पहने घडी से निहाल सिंग साहू के नाक में लग जाने से खून बहने लगा। मारपीट करने मुझे कोई चोंट



नहीं लगा है मेरा शर्ट फट गया है व मेरा लडका के दाहिने हाथ की उंगली में चोंट लगा है। पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सेवा सहकारी समिति ग्राम पेण्ड्री के सोसायटी में चौकीदार के पद पर कार्यरत ग्राम पेण्ड्री निवासी निहाल सिंह साहू ने पुलिस को बताया ग्राम भटगांव के डोमार सिंह रात्रे एवं उनका लडका शरद कुमार रात्रे दोनों आये डोमार सिंह मुझे बोलने लगा बीज धान देने के लिये क्यों नहीं लिख रहे हो कहने पर मेरे द्वारा आपके गांव भटगांव के वितरण दिन सोमवार व गुरूवार है तथा अन्य गांव का अलग– अलग दिन के हिसाब से वितरण किया जाता है, बोलने पर दोनों डोमार सिंह रात्रे एवं उनका लडका शरद कुमार रात्रे तुम्हारे सोसायटी के सभी कर्मचारियों को ट्रांसफर करवा दूंगा कहकर गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का से मारपीट करने से मेरे नाक में चोंट लगने से खून निकला है। पीड़ित की रिपोर्ट पर दो लोगो के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## संगठन की सबसे बड़ी ताकत हैं कार्यकर्ता : राकेश पांडेय

# गुण्डरदेही विधानसभा में संगठनात्मक बैठक में विस्तार और बूथ सशक्तीकरण पर बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

छत्तीसगढ़ खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा एवं गुण्डरदेही विधानसभा प्रभारी राकेश पांडेय के नेतृत्व में गुण्डरदेही विधानसभा की एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक एवं संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य विधानसभा क्षेत्र के संगठनात्मक ढांचे, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त कर आगामी कार्ययोजना तैयार करना रहा।

बैठक में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व विधायक विरेंद्र साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, टीनेश्वर बघेल, पवन सोनबरसा, ठाकुर राम चंद्राकर, किशोरी साहू सहित बड़ी संख्या में गुण्डरदेही विधानसभा अंतर्गत आने वाले छह मंडल गुण्डरदेही, सिकोसा, ओटेबंद, देवरी, सुरेगांव एवं अर्जुंदा के मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक के दौरान विधानसभा प्रभारी राकेश पांडेय ने सभी मंडल अध्यक्षों, महामंत्रियों एवं कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया तथा संगठन की वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी ली।



उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में संचालित मंडलों की संख्या, ग्रामों की संख्या, भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए संगठन को और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। साथ ही आगामी समय में विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान, बूथ सशक्तिकरण एवं जनहित के मुद्दों को लेकर विस्तृत रूपरेखा तैयार की गई। राकेश पांडेय ने कहा कि भाजपा संगठन की सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। कार्यकर्ताओं की मेहनत एवं जनता के विश्वास के बल पर संगठन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा।

बैठक में संगठनात्मक मजबूती, जनसरोकारों से जुड़े विषयों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी व्यापक चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र के विकास एवं संगठन विस्तार के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# किल्लेकोडा स्कूल में 16 छात्राओं को मिली नि:शुल्क साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

वनांचल क्षेत्र में स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किल्लेकोडा में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत लगभग 16 नवीन छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। साइकिल वितरण कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य मुखर्जी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम, सदस्य वीरेंद्र कुल्हार्य, पूर्व सरपंच गैंदलाल तारम एवं अधन सिन्हा उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं का अबीर-गुलाल लगाकर स्वागत किया तथा पालकों की उपस्थिति में उन्हें साइकिल प्रदान की।इस अवसर पर प्राचार्य मुखर्जी ने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं के लिए विद्यालय एवं अन्य आवश्यक स्थानों की दूरी कम हो जाएगी, जिससे उन्हें आवागमन में होने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी और वे नियमित रूप से विद्यालय पहुंच सकेंगी। जिला पंचायत सदस्य राजाराम तारम ने कहा कि शासन की यह योजना विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए लाभदायक है, जो आर्थिक कारणों से कठिनाइयों का सामना करते हुए पैदल विद्यालय आने-जाने को विवश थीं। अब वे आसानी से अपनी शिक्षा जारी रख सकेंगी। वीरेंद्र कुल्हार्य ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि शासन की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ वर्षों से विद्यार्थियों को मिल रहा है। इससे छात्राओं में उत्साह,

- **शिक्षा के प्रति बढ़ा उत्साह**

आत्मविश्वास और खुशी का संचार होता है। उन्होंने सभी छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम का सफल संचालन एवं संपादन राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता डॉ. बी.एल. साहसी ने किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि निःशुल्क साइकिल वितरण योजना शासन की सफल योजनाओं में से एक है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी आनंद और उत्साह के साथ विद्यालय पहुंचकर शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे, जिनमें सी.जी. पटेल, जे.पी. बांधव, हेमेंद्र साहू, घनश्याम पटेल, त्रिजला ठाकुर, मुक्ति, खगेश ठाकुर तथा कुशल देवदास सहित अन्य स्टाफ सदस्य शामिल हैं।

# कलंगपुर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया त्योहार, सुख-समृद्धि के लिए किया हवन-पूजन

**बालोद/कलंगपुर।** शनिवार को गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम कलंगपुर में ग्राम विकास समिति के तत्वावधान में समिति के पदाधिकारियों संहित समस्त ग्रामवासियों ने 20 जून शनिवार को गांव में चमाचम त्यौहार मानते हुए सभी ने अपना काम काज बंद कर सुबह 10 बजे से गांव के माता शीतला मंदिर प्रांगण में उपस्थित होकर अपने गांव में शांति स्थापित व सुख समृद्धि की कामना



करते हुए मंदिर प्रांगण में भव्य हवन यज्ञ व पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। उक्त हवन पूजन का कार्य बाहर से पहुंचे पंडितों के द्वारा पूरी मंत्रेच्चार व विधि विधान से सम्पन्न कराया गया। जहां ग्राम के सभी महिला पुरुष व युवाओं ने एक जुट होकर हवन पूजन में शामिल हुए। इस अवसर पर ग्रामीण अध्यक्ष कुशल राम साहू, मिलन सिन्हा, शत्रुघ्न महतो, इंद्रकुमार कुल्हाड़े, हेमंत सिन्हा, हरीश कुल्हारे, जीतु महतो, भुवनेश्वर कुल्हाड़े, ज्ञानेश्वर साहू, सुफल साहू, अरुण सिन्हा, धनराज बैगा, नारायण चंदन, रामेश्वर महतो, डिलेश्वर साहू, दिलीप जैन, द्वारिका सिन्हा, चंद्रेश जैन, रवि देवांगन, संतोष देवांगन, सुखचरण साहू, जयप्रकाश साहू, पूरन धनकर, संहित माता सेवा मंडली के सभी सदस्यों व समस्त ग्रामीण जनों का भरपूर सहयोग रहा।

### पुत्र के जन्मदिन पर स्कूल को सिलिंग फैन भेंट, विद्यार्थियों को मिलेगी राहत




**अंडा।** दुर्ग ब्लॉक अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गौरव ग्राम अंडा में एक सराहनीय पहल देखने को मिली। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खोरबाहरा राम निर्मलकर ने अपने पुत्र पुलक निर्मलकर के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल को एक सेट सिलिंग फैन दान स्वरूप भेंट किया। इस पहल से स्कूल के विद्यार्थियों को गर्मी के मौसम में राहत मिलेगी और पढ़ाई का वातावरण बेहतर होगा। ग्रामीण क्षेत्र के स्कूलों में इस तरह की सामाजिक भागीदारी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाती है। खोरबाहरा राम निर्मलकर के इस नेक कार्य की स्कूल स्टाफ, शाला विकास समिति के सदस्यों एवं युवा सरपंच दिग्विजय सिन्हा ने प्रशंसा की। साथ ही उनके पुत्र पुलक निर्मलकर को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानपाठिका विजय लक्ष्मी राव, प्रिंसिपल एस. जाम्बुलकर, सेन, चंद्राकर सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 12 वर्ष बाद अंतरजातीय विवाह करने वाले दंपति को धोबी समाज में मिला पुनः स्थान

**अंडा।** लगभग 12 वर्ष पूर्व अंतरजातीय प्रेम विवाह करने के कारण समाज से बहिष्कृत किए गए एक दंपति को धोबी समाज ने पुनः समाज में शामिल कर लिया है। उर्ला निवासी प्रवीण रजक ने मरार समाज की युवती सूकरीता पटेल से प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद दंपति का सामाजिक बहिष्कार कर दिया गया था। वर्तमान में उनके परिवार में तीन पुत्रियां हैं। जानकारी के अनुसार प्रवीण रजक के परिवारजनों ने धोबी समाज के प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर के समक्ष समाज में पुनः शामिल किए जाने की अपील की थी। आवेदन पर विचार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने दुर्ग जिला अध्यक्ष रामबाई निर्मलकर के नेतृत्व में एक जांच समिति गठित की। समिति ने मामले की बिंदुवार जांच की और समाज में शामिल किए जाने के लिए आवश्यक तथ्यों की जानकारी एकत्रित की। जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि आवेदनकर्ता धोबी समाज से संबंधित है। इस अवसर पर मदन निर्मलकर, गीताबाई निर्मलकर, प्रदेशनीन निर्मलकर, दिलीप निर्मलकर, जानकी निर्मलकर, मनोज निर्मलकर, दुर्गा ललिया निर्मलकर, मोगरा निर्मलकर, ललित निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। उक्त जानकारी धोबी समाज के जिला युवा अध्यक्ष पवन निर्मलकर ने दी।



# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर डौंडीलोहारा में होगा मंडल स्तरीय योग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा द्वारा 21 जून रविवार को प्रातः 6 बजे कृषि उपज मंडी प्रांगण डौंडीलोहारा में मंडल स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य योग के माध्यम से स्वस्थ एवं निरोगी जीवन के प्रति जनजागरण करना है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा एवं महामंत्री सुमेंद्र देशमुख तथा दुष्यंत गिरी गोस्वामी ने बताया कि राष्ट्रीय, प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में मंडल क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम के प्रभारी जिला भाजपा बालोद के उपाध्यक्ष टिनेश्वर बघेल रहेंगे तथा योगाचार्य पीलूराम साहू द्वारा योगाभ्यास कराया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक जिला युवा मोर्चा बालोद के उपाध्यक्ष डोमेंद्र देशमुख एवं सहसंयोजक भाजपा युवा मोर्चा डौंडीलोहारा के अध्यक्ष हीरेंद्र गायकवाड़ हैं। आयोजकों ने प्रदेश एवं जिला पदाधिकारियों, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत सदस्यों, नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षदों, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं तथा आम नागरिकों से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। मीडिया प्रभारी प्रीतम साहू ने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य का ही नहीं, बल्कि मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन का भी आधार है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की है।

- **कृषि उपज मंडी प्रांगण में सुबह 6 बजे से होगा आयोजन**

### *विद्यार्थी जीवन में योग का विशेष महत्व : शिवेन्द्र*

*डौंडीलोहारा। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संजारी के व्याख्याता शिवेन्द्र बहादुर ने विद्यार्थियों के जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और बुद्धि के संतुलित विकास का सशक्त माध्यम है। वर्तमान समय में योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का आधार बन चुका है।उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में विद्यार्थियों पर अध्ययन, परीक्षा एवं भविष्य निर्माण का दबाव लगातार बढ़ रहा है। ऐसी परिस्थितियों में नियमित योगाभ्यास विद्यार्थियों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति, आत्मविश्वास एवं मानसिक संतुलन को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। योग तनाव और चिंता को कम कर मन को शांत एवं स्थिर बनाता है, जिससे विद्यार्थी अध्ययन में बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। शिवेन्द्र बहादुर ने कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में अनुशासन, धैर्य, सकारात्मक सोच तथा आत्मनियंत्रण जैसे गुणों का भी विकास करता है। प्राणायाम एवं ध्यान जैसी योग क्रियाएं विद्यार्थियों को भावनात्मक रूप से मजबूत बनाकर जीवन की चुनौतियों का सामना करने की क्षमता प्रदान करती हैं। उन्होंने विद्यालयों में योग को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाए जाने पर बल देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। यदि विद्यार्थी प्रतिदिन कुछ समय योग के लिए निकालें, तो वे न केवल उत्कृष्ट विद्यार्थी बनेंगे, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी समाज में अपनी पहचान स्थापित कर सकेंगे।*

## शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होते हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करते हैं

# कसही प्राथमिक शाला में नव प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा

ग्राम पंचायत कसही स्थित प्राथमिक शाला में नव प्रवेशोत्सव उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर चंदन-वंदन, पुष्प अर्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं पूजा-अर्चना कर नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ किया गया।इसके पश्चात पहली कक्षा में प्रवेश लेने वाले छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, खीर खिलाकर मुंह मीठा कराया गया तथा उन्हें गणवेश प्रदान कर विद्यालय परिवार में स्वागत किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षक आत्माराम खरे ने कहा कि पालक, बालक और शिक्षक के बीच समन्वय होना अत्यंत आवश्यक है। तभी बच्चों का



बौद्धिक विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से प्रतिदिन अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कम से कम दो घंटे समय निकालने का आग्रह किया।धर्मेंद्र साहू ने कहा कि शिक्षा मानव के सर्वांगीण विकास का आधार है तथा शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। उपसरपंच नरेंद्र साहू ने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने और एक अच्छा नागरिक बनकर अपने माता-पिता का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वच्छता का महत्व बताते हुए साफ-सुथरे कपड़े पहनने, नाखूनों की नियमित सफाई रखने एवं शुद्ध भोजन करने के लिए प्रेरित किया। शिक्षाविद रोहित चंदन मलागर ने कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती के समान होते हैं, जो स्वयं जलकर दूसरों को प्रकाश प्रदान करते हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठिका भुनेश्वरी साहू ने किया। इस अवसर पर मालती यादव, शीतल कुलदीप, शुकवारो बाई, शांति बाई, शकुन बाई, सरोज साहू, अनिता साहू, बिसहिन बाई, गिरजा, केवरा, लगन, महावीर, कलिहारी, ओबीसी महासभा के प्रदेश कोषाध्यक्ष यशवंत साहू, पंचायत प्रतिनिधि मनटोरा, आसोबाई, मीना सुखदी कोमरे सहित बड़ी संख्या में पालक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### किसान मोर्चा की जैविक खेती पर हुई चर्चा

**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा शहर मंडल बालोद में जैविक खेती के बारे मे विस्तार से चर्चा वार्ड नंबर 01 मे की गई। इसी तरह अगली कार्यशाला 22 जून सोमवार को नयापारा में रखा गया है। जिसमें किसान मोर्चा के पदाधिकारी एवं सदस्यों के लोग इस कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज